प्रकरण संख्या 151 सन् 2016 जगरूप सिंह आदि / बलदेव व कौर आदि

136 L.R.Act

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
12/3/18	पत्रावली प्रार्थीगण के आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 152 सीपीसी दिनांक 28–02–2018 पर पेशी में ली गई। नकल प्रार्थना–पत्र अधिवक्ता अप्रार्थीगण को दिलाई गई। अप्रार्थीगण के अधिवक्ता ने यह प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने में अनापति प्रकट की। प्रार्थीगण ने अपने उक्त प्रार्थना–पत्र में इस न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 18–05–2017 में संशोधन किये जाने का निवेदन किया है तथा यह कथन किया कि इस आदेश में सम्वत 2044 के बाद की जमाबन्दियों में संशोधन करते हुये वर्तमान जमाबन्दियों में संशोधन किये जाने का उल्लेख है लेकिन वर्तमान जमाबन्दी के खाता संख्या का उल्लेख नहीं होने से पटवारी हल्का ने इन दोनों बिन्दूओं पर मार्गदर्शन चाहा है तथा पूर्व की जमाबन्दियों में अंकन किया जाना सम्भव नहीं होने की रिपोर्ट की है। प्रार्थना–पत्र के सन्दर्भ में आदेश दिनांक 18–05–2017 का अवलोकन किया तथा पटवारी हल्का की रिपोर्ट का अवलोकन किया। बहस सुनी गई। आदेश दिनांक 18–05–2017 में जरिये पुनर्विलोकन किया जाना न्यायोचित है। अतः आदेश दिनांक 18–05–2017 के क्रियात्मक आदेश में निम्न प्रकार संशोधन किया जाता है उपरोक्त विवेचन अनुसार प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार किया जाकर प्रार्थना–पत्र की चरण संख्या–4 में वर्णित चक 2 आरआरडब्ल्यू के वर्तमान जमाबन्दी सम्वत 2072 खाता संख्या–189/173, खाता हरनेक सिहं वगैरा में प्रार्थी संख्या–1 जगरूप सिहं का 0.169 हिस्सा, प्रार्थी संख्या–2 बलदेव सिहं का 0.169 हिस्सा तथा अप्रार्थीगण संख्या–1 ता 3 बलवन्त कौर पत्नि जगदेव सिहं, चरणजीत कौर–सर्वजीत कौर पुत्रीयां जगदेश सिहं का 0.126 हिस्सा, अप्रार्थीगण संख्या–4 ता 6 गुरमीत कौर पत्नि पृथ्वीपाल सिहं, अमृतपाल सिहं पुत्र पृथ्वीपाल सिहं, राजवीर कौर पुत्री पृथ्वीपाल सिहं का 0.042 हिस्सा अंकित किये जाने के आदेश दिये जाते हैं व प्रार्थना–पत्र की चरण संख्या–6 में वर्णित चक 2 आरआरडब्ल्यू वर्तमान जमाबन्दी सम्वत 2072 खाता संख्या–56/88 खाता गुरमेल सिहं वगैरा में प्रार्थी संख्या–2 बलदेव सिहं का नाम विलोपित कर प्रार्थी संख्या–1 जगरूप सिहं के नाम 0.112 हिस्सा तथा अप्रार्थीगण संख्या–1 ता 3 बलवन्त कौर पत्नि जगदेव सिहं, चरणजीत कौर–सर्वजीत कौर पुत्रीया जगदेव सिहं व अप्रार्थीगण संख्या–4 ता 6 के पति/पिता पृथ्वीपाल सिहं के नाम दर्ज 0.169 हिस्सा के स्थान पर 0.112 हिस्सा अंकित किये जाने के आदेश दिये जाते हैं तथा इसी प्रकार प्रार्थना–पत्र की चरण संख्या–8 में वर्णित चक 3 एसटीडी के खाता की जमाबन्दी सम्वत 2064 से 2067, खाता संख्या–131/127, सम्वत 2068 से 2071, खाता संख्या– 137/131, सम्वत 2072 खाता संख्या– 142/137 में अप्रार्थीगण संख्या–1 ता 3 बलवन्त कौर पत्नि जगदेव सिहं, चरणजीत कौर–सर्वजीत सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी हनुमानगढ़	

Web Copy Not Official
सत्यमेव जयते
Scanned by CamScanner

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व ... जो इस हु... में ...
	कौर पुत्रीया जगदेव सिहं का 1.371 हिस्सा के स्थान पर 0.822 हिस्सा व अप्रार्थीगण संख्या–4 ता 6 का 0.457 हिस्सा के स्थान पर 0.274 हिस्सा अंकित किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार (राजस्व) हनुमानगढ़ को आदेश की पालना हेतु पत्र जारी हो। पत्रावली फैसला शुमार होकर दाखिल दपतर हो। (सुरेन्द्र सिहं पुरोहित) सहायक कलैक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) हनुमानगढ़ सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी हनुमानगढ़	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Scanned by CamScanner